# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
एवं
# राज्य परियोजनानिदेशक

कार्यालय–समग्रशिक्षा, विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ–226 007
वेबसाईट: www.upefa.comई–मेल : upefaspo@gmail.com दूरभाष : 0522-2780995, 05222780384


सेवा में,

1– जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

2– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक:शिविर/ 11467 - 11657 /2025–26 दिनांक 16 जून, 2025

**विषयः वर्ष 2025–26 में इन्स्पायर अवार्ड 'मानक' योजनान्तर्गत कक्षा–6–12 में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया दिनांक 15 जून, 2025 से दिनांक 15 सितम्बर, 2025 के मध्य पूर्ण कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया, उपर्युक्त विषयक डा0 संदीप बंसल, भारत सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग टेक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली–110016 के पत्र दिनांक 29–05–2025 (छाया प्रति संलग्न) का अवलोकन करें, जिसके द्वारा वर्ष 2025–26 में इन्स्पायर अवार्ड मानक योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओं के ऑन–लाईन नामांकन 15 जून, 2025 से 15 सितम्बर, 2025 के मध्य कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

भारत सरकार के उक्त पत्र द्वारा योजना के पात्रता मानदंड में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार वर्ष 2025–26 से कक्षा–6 से 12 में पढ़ने वाले छात्र/छात्रायें नवाचार/विचार प्रस्तुत करने के पात्र होंगे। इन्स्पायर मानक योजना के अन्तर्गत पंजीकृत विद्यालय प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अपने विद्यालय से 5 सर्वश्रेष्ठ विचारों को E-MIAS वेब पोर्टल पर लिंक www.inspireawards-dst.gov.in पर ऑन–लाईन नामांकन विद्यालय कर सकते हैं।

भारत सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025–26 के लिए ऑन–लाईन नामांकन दिनांक 15 जून, 2025 से प्रारम्भ किया जा रहा है। विद्यालय दिनांक 15 सितम्बर, 2025 तक अपने ऑन–लाईन नामांकन जमा कर सकते हैं।

इन्स्पायर अवार्ड–मानक योजना के सफल क्रियान्वयन एवं छात्र/छात्राओं के अधिक से अधिक नामांकन किये जाने हेतु प्रकरण में आपको निर्दिष्ट किया जाता है कि :–

1. <u>विद्यालयों के प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों की बैठक</u>– जनपद में संचालित बेसिक शिक्षा परिषद के नियन्त्रणाधीन समस्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सी0आई0एस0सी0ई0 नई दिल्ली एवं उ0प्र0 संस्कृत शिक्षा परिषद से सम्बद्ध एवं संचालित विद्यालयों के प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर इन्स्पायर अवार्ड–मानक की पात्रता, नामांकन प्रक्रिया, मॉडल तैयार करने एवं ऑनलाईन आपलोड कराने पर चर्चा कर अधिक से अधिक बच्चों तक जानकारी पहुंचाने, नामांकन हेतु प्रोत्साहित करने, शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदानक करने हेतु विद्यालयवार शिक्षक चिन्हित कर उनका दायित्व निर्धारण तथा यदि ऑनलाईन आवेदन करने में कोई समस्या/परेशानी आती है तो उसका निराकरण/समाधान आदि कराकर प्रत्येक दशा में कार्य योजना बनवायेंगे।



Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

2. **विज्ञापन एवं प्रचार–प्रसार–** जनपद में संचालित विद्यालयों में कक्षा–6 से 12 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के मध्य योजना/तकनीकी नवाचार प्रतियोगिता के संबंध में विद्यालय में होने वाली प्रार्थना सभा, नोटिस बोर्ड एवं शिक्षकों के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार कराने हेतु विद्यालय के प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करें।

3. **नवाचारी विचार बनाने में पात्र छात्र/छात्राओं को मार्गदर्शन एवं अपेक्षित सहयोग–** राज्य/जनपद/विकासखण्ड सन्दर्भ समूह, मोटीवेशनल अध्यापक(विज्ञान), विज्ञान क्लब एवं गणित क्लब समिति तथा मेंटॉर/ मार्गदर्शक (नामित विज्ञान एवं गणित शिक्षक), इको क्लब्स फार मिशन लाइफ संचालन हेतु नामित सहायक अध्यापक/प्रवक्ताओं तथा राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय विज्ञान संस्थान/विश्वविद्यालय/डिग्री कॉलेज, आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ जिला विज्ञान केन्द आदि संस्थानों के वैज्ञानिकों, विज्ञान विषय के विशेषज्ञों से सम्पर्क/संवाद कर कार्यशालाएं/अभिमूखीकरण आयोजित कराकर विद्यार्थियों को नवाचारों का चयन नवीनता, सामाजिकता प्रयोज्यता, पर्यावरण एवं उपयोगकर्ता मैत्रिक, उपलब्ध समान प्रौद्योगिकियों पर तुलनात्मक लाभ पर आधारित आदि की जानकारी दिलवाकर प्रासंगक एवं नवीनता, रचनात्मकता मौलिकता, प्रसार क्षमता, सामाजिक आवश्यकताओं, पर्यावरण मित्रता आदि को संबोधित करने वाले मॉडल्स बनवाने सहयोग प्रदान किया जाय।

4. **नवाचार हेतु विचार सृजन** :– शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को मौलिक विचार विकसित करने में मार्गदर्शन प्रदान किया जाय तथा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय कि नवाचार में छात्र/छात्राओं का स्वयं का अपना काम होना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट नवाचारों के उदाहरणों को विद्यार्थियों के मध्य साझा करायें।

5. **आइडिया बॉक्स** :– विद्यालय परिसर में एक आइडिया बॉक्स की स्थापना करायें, जहाँ छात्र/छात्रायें अपने नवीन तकनीकी विचारों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर सकें।

6. **विचार/नवाचार तैयार करने के मुख्य आधार बिन्दु** :– विद्यालयवार नामित नोडल को यह दायित्व दिया जाय कि 1– विद्यार्थियों को मॉडल्स बनाने की जानकारी तथा स्थानीय समस्याओं की पहचान करने और उनका समाधान परियोजनाओं के रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करें, 2– विचारों/नवाचारों का चयन नवीनता, सामाजिकता प्रयोज्यता, पर्यावरण एवं उपयोगकर्ता मैत्रिक, उपलब्ध समान प्रौद्योगिकियों पर तुलनात्मक लाभ पर आधारित आदि की जानकारी देकर प्रासंगिक एवं नवीनता, रचनात्मकता मौलकता, प्रसार क्षमता, सामाजिक आवश्यकताओं, पर्यावरण मित्रता आदि को संबोधित करने वाले मॉडल्स बनवाये। सभी विद्यालयों से पात्र विद्यार्थियों के 05–05 ऑनलाईन नामांकन ससमय पूर्व करायें।

7. **नामित नोडल्स द्वारा दैनिक अनुश्रवण** :– आपके द्वारा नामित सह नोडल, विकासखण्डवार नोडल्स द्वारा–

   1– इन्स्पायर अवार्ड मानक की जानकारी सभी विद्यालयों, बच्चों एवं उनके अभिभावकों को देने, 2– पात्र बच्चों को नामांकन हेतु प्रोत्साहित करने, 3– यदि ऑनलाईन आवेदन करने में कोई समस्या/परेशानी आती है तो उसका निराकरण/समाधान करने, 4– प्रतिदिन ऑनलाईन मॉडल नामांकर की संख्या की प्रगति का अनुश्रवण करने व 5– शून्य/कम प्रगति होने की दशा में विकास खण्ड के नामित नोडल/सम्बन्धित विद्यालय प्रधान की समीक्षा कर नामांकन वृद्धि कराने हेतु निरन्तर सम्पर्क/संवाद किया जाय।

- **जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मध्य समन्वय, संयुक्त नियोजन एवं समीक्षा** :– जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मध्य जनपद स्तर पर नियमित संवाद, सम्पर्क एवं समन्वय आवश्यक है। अतः इन्स्पायर अवार्ड विद्यालयवार नामांकन की प्रगति तथा समस्या का निदान एवं जिज्ञासाओं का समाधान किये जाने हेतु संयुक्त बैठक प्रत्येक सप्ताह आयोजित की जाय, जिसमें ब्लाकवार नामित नोडल के साथ गहन समीक्षा व अनुश्रवण किया जाय।



Scanned with OKEN Scanner

- इसी प्रकार ब्लाक स्तर पर भी माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग के नोडल द्वारा संयुक्त बैठक प्रत्येक 3 दिन में आयोजित की जाये, जिसमें ब्लाक बार नामित नोडल द्वारा विद्यालयवार गहन समीक्षा व अनुश्रवण किया जाये, उक्त के सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित निर्देश जारी किये जायें।

जिज्ञासा/समाधान :–

| क्र0सं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन नामांकन | • प्रारम्भ होने की तिथि– 15 जून, 2025<br>• अन्तिम तिथि– 15 सितम्बर, 2025 |
| 2. | ऑनलाईन नामांकन हेतु वेब पोर्टल का लिंक | Inspire Manak (inspireawards-dst.gov.in) |
| 3. | सम्पर्क समयावधि | सुबह 10.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक(सोमवार से शुक्रवार तक सभी कार्यदिवस में) |
| 4. | हेल्पलाईन ई–मेल | inspire@nifindia.org |
| 5. | सम्पर्क हेल्पलाईन नम्बर | 02764261139 एवं 09638418605 |

कृपया, उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। प्रकरण को वरीयता प्रदान करें, व्यक्तिगत ध्यान एवं प्रभावी कार्यवाही अपेक्षित है।

संलग्नक उक्तवत्।

भवदीया,

(कंचन वर्मा)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0सं0:शिविर/ 11467 - 11657 /2025–26 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– डा0 संदीप बंसल, भारत सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग टेक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली–110016 के पत्र दिनांक 29–05–2025 के संदर्भ में।
2– शिक्षा निदेशक(माध्यमिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3– शिक्षा निदेशक(बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4– मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
5– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

(कंचन वर्मा)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Scanned with OKEN Scanner

सत्यमेव जयते

दूरभाष/TEL : 26962819, 26567373
: 26562134, 26562122 (EPBAX)
फैक्स/FAX : 26569908, 26515637
: 26863847, 26862418
वेबसाइट/website : www.dst.gov.in

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
टेक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग,
नई दिल्ली–110016
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
DEPARTMENT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
TECHNOLOGY BHAWAN, NEW MEHRAULI ROAD,
NEW DELHI-110016

F. No. DST/S&TCB/INSPIRE-MANAK/NOMINATIONS/2025-26 Dated: 29th May, 2025

To,

State Nodal Officers (INSPIRE - MANAK Scheme) of all States/UTs *( in Name covers)*

**Subject:** Opening of online nominations for 2025-26 under INSPIRE - MANAK Scheme.

Sir/Madam,

As you may be aware that INSPIRE - MANAK Scheme is a flagship program implemented by this Department with a basic objective to instil creative/innovative thinking among school students.

2. The MANAK Scheme envisages to target one million original innovative ideas from students studying in more than five lakh middle and high schools across the country and selecting the best ideas having potential to cater to societal needs and applications, thereby motivating these students to take these ideas forward for prototype and product development.

3. It has been decided to include students of Class XI and Class XII in the eligibility criteria of the Scheme. Thus, from this year onwards school students studying in class 6-12 will be eligible to submit their ideas. It may kindly be noted that the registered schools under the INSPIRE - MANAK Scheme, in each financial year, can nominate 5 best ideas from their schools, through online mode, in E Management of INSPIRE – MANAK Scheme (E-MIAS) web portal of the Department using the link: www.inspireawards-dst.gov.in.

4. **The online nominations for 2025-26, will resume from 15th June, 2025. The schools will be able to submit their online nominations till 15th September, 2025.**

5. I request you to please direct all the concerned State and District functionaries, to apprise all the schools under their purview, about the inclusion of class 11 and 12 students and opening of online nominations under the MANAK scheme for 2025-26 and the given deadline. **The schools may be suitably informed to register and submit their nominations well before the given deadline to avoid last minute inconveniences encountered due to heavy load in the E-MIAS web portal.**

6. I also look forward to your kind cooperation in further expanding the outreach of this unique scheme, by expediting the registration of schools yet to be covered under this scheme, from your State/UT, so that, young students with an appetite for creativity and innovation can be provided with rightful platform to showcase their talent.

Yours sincerely

**(Dr. Sandeep Bansal)**

Copy To:

1. Dr. Arvind C Ranade, Director, National Innovation Foundation, Gandhinagar, Gujarat – 382650.



Scanned with OKEN Scanner